Live हिन्दुस्तान .com

# नकली बीजो ने बिगाड़ा फसल चक्र, उत्पादन में भारी गिरावट

हिन्दुस्तान टीम,फर्रुखाबाद कन्नौज Last updated: Tue, 21 Apr 2020 03:13 PM





जिले के अन्नदाताओ का नकली बीज के माध्यम से दम निकालने का काम किया जा रहा है। नकली बीज किसानो को बेचने का काम कई वर्षो से धड़ल्ले से बिना रोक टोक चल रहा है । जिसके चलते फसल चक्र बिगड़ने के साथ फसल उत्पादन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। अच्छे बीज के नाम पर किसानों के साथ नकली बीज के नाम पर बहुत बड़ी ठगी कई जगहों पर की जा रही है।

जगह जगह खुले कई बीज भंडारो पर किसानो के साथ धोखा किया जा रहा है। बड़ी और उच्च स्तरीय बीज की कम्पनियो के नाम के रेपर से नकली बीज किसानो को मोटी रकम लेकर दिए जा रहे है। पर यह बीज बोने के बाद खेत में उग नहीं रहे है। इस पर किसान के खेत का पूरा फसल चक्र बिगड़ रहा है ।

बीज का पैसा भी जाता है और एक फसल से वह हाथ धो बैठता है। लागत मेहनत सब हारकर जब वह किसान बीज भण्डार पर शिकायत करने पहुंचता है तो वह उसको यह कहकर टरकाता रहता है कि उसने कम्पनी से के लोगों को बताया है । कम्पनी के लोग अब आ रहे हैं। किसान बीज भण्डार के चक्कर लगा लगा कर थककर घर बैठ जाता है। किसान को अपने नुकसान का कोई मोआबजा नहीं मिलता है। विगत माह न्यामतपुर खेड़ा के 15 से 20 किसानो ने लगभग 60 बीघा सेम की फसल की थी । जिसमे फसल नहीं आई थी कई महीनो के बाद सिर्फ फूल आया था । सरैया के किसान वकील ने बताया कि उन्होने पहले टमाटर बोया नहीं हुआ मक्का बोई नहीं उगी अब उनका खेती से मोहभंग हो रहा है। टिकुरियन नगला के किसान नवाब सिंह ने बताया कि जिले में हर फसल का नकली बीज मौजूद है या तो वह उगेगा नहीं, अगर उग भी आया तो उत्पादन नहीं देता है। इस पर प्रशासन ने सख्ती न दिखाई तो आने बाले दिनो में किसान खेती छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/farrukhabad-kannauj/story-fake-seeds-spoiled-the-crop-cycle-a-huge-decline-in-production-3165342.html